भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 10.10.2024

## प्रथम 6 माह में अभी तक का सर्वाधिक कोच उत्पादन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में वित्तीय वर्ष 2024–25 में अप्रैल 2024 से सितंबर 2024 तक प्रथम 6 माह में कुल 873 कोच का उत्पादन किया जो आरेडिका के अभी तक का प्रथम 6 माह का सर्वाधिक उत्पादन है।

इन 873 कोचों में दीनदयालु, स्लीपर और वातानुकूलित शामिल हैं। इस वित्तीय वर्ष दीनदयालु के 122 कोच, 3एसी के 211 कोच, 3एसी इकोनोमी के 210 कोच, 2एसी के 60 कोच, स्लीपर के 85 कोच तथा अन्य कोच शामिल हैं। 2024–25 के प्रथम 6 माह में 3एसी के 211 कोचों का निर्माण किया गया है जो पिछले वर्ष 2023–24 में प्रथम 6 माह में बने 19 कोचों से लगभग 13 गुना अधिक है।

पहली बार आरेडिका ने प्रथम 6 माह में अभूतपूर्व वृद्धि कर एक नये चरण में प्रवेश किया है। इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2019–20 में सर्वाधिक 841 कोचों का निर्माण किया गया था जिसको आरेडिका ने इस वित्तीय वर्ष पार कर लिया है।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया एवं सभी विभागाध्यक्षों के योगदान की प्रशंसा की। उन्होनें कहा कि यह सभी विभागों के सामूहिक प्रयास से संभव हो पाया है और इसी तरह आगे भी लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

10.10.2024
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी